

अध्यक्ष डीटर एफ. उकडार्फ द्वारा
प्रथम अध्यक्षता में द्वितीय सलाहकार

सारे मौसमों के लिए संत

मेरे पास विश्व के उस भाग की बचपन की यादें है जो साल के बदलते मौसम के पिक्चर पोस्ट-कार्ड का काम कर सकती है । हर एक गुजरता महीना सुहावना और शानदार होता था । एक परिपूर्ण सरदी के दिन के दौरान, ताजी बर्फ पहाड़ों और शहर की सड़कों को ढक देती थी । बसंत सफाई की बारिश और हरयाली का जीवन लाता था गरमी का सुस्त आकाश चमकदार सूरज के लिए नीले कैनवेक्स का काम करते थे । और पतझड़ प्रकृति को चटकदार नारंगी, पीले, और लाल रंग में बदल देता था । एक बच्चे के रूप में, मुझे हर मौसम से प्रेम था, और आज के दिन, प्रत्येक के गुण और विशिष्टता से प्रेम करता हूं ।

हमारे जीवनों में भी मौसम होते हैं । कुछ गरम और सुहावने होते हैं । कुछ ऐसे नहीं होते हैं । हमारे जीवन के कुछ दिन इतने सुंदर होते हैं जैसे कैलंडर की तसवीरें । और ऐसे भी दिन और परिस्थितियां होती हैं जो दुख देते हैं और हमारे जीवन में निराशा, क्रोध, और कड़वाहट का गहरा एहसास लाते हैं ।

मुझे पता है कभी न कभी हम सबों के मन में विचार आता है कि कितना अच्छा हो यदि हमारा घर ऐसे स्थान पर होता जहां मौसम हमेशा सुहावना ही रहता और बीच का बुरा समय न आता ।

लेकिन यह संभव नहीं है । न ही ऐसी इच्छा होनी चाहिए ।

जब मैं स्वयं के जीवन पर नजर डालता हूं, तो ऐसा प्रतीत होता है बहुत बार मेरी महानत्तम प्रगति तब हुई थी जब मैं बुरे समय से गुजर रहा था ।

हमारा सर्व-ज्ञानी स्वर्गीय पिता जानता था कि उसके बच्चों को जो उन्हें बनना चाहिए, उसके लिए उन्हें उनकी नश्वर यात्रा में विपत्तियों का अनुभव करने की आवश्कयता होगी । मॉरमन की पुस्तक के भविष्यवक्ता लेही ने कहा था कि बिना विरोध के,''धार्मिकता नहीं लाई जा सकती थी'' (2 नफी 2:11) । वास्तव में, जीवन की कड़वाहट से हम विषमता को समझते हैं, और उसकी मिठास की प्रंशसा करते हैं (देखें सिऔरअनु 29:39; मूसा 6:55) ।

अध्यक्ष बिग्रम यंग ने कुछ इस तरह कहा थाः ''सब समझदार लोग जिन्हें महिमा, अमरतत्व, और अनंत जीवन के मुकटों से अभिषेक किया गया है उन्हें अपनी महिमा और उत्कर्ष पाने के लिए हर उस अग्नि परिक्षा से गुजरना होगा जो समझदार लोगों के लिए बनाई गई हैं । प्रत्येक विपत्ति जो नश्वर लोगों पर आ सकती है वह ... उन्हें प्रभु की उपस्थिति में जाने के लिए तैयार करने के लिए सहन करना होगा । ... प्रत्येक परिक्षा और अनुभव जिससे आप गुजरते हो आपके उद्धार के लिए आवश्यक है ।'' [1]

प्रश्न यह नहीं है कि क्या हम कठिन परिस्थितियों का अनुभव करेंगे लेकिन यह कि हम कैसे तूफानों को झेल पाएगें । जीवन के हमेशा-बदलते मौसम के दौरान परमेश्वर के विश्वसनीय वचनों को मजबूती से थामने का हमारा महान अवसर होता है, इसलिए उसकी सलाह न केवल जीवन के तूफानों को झेलने में मदद करती है बल्कि उनसे गुजरने में भी मार्गदर्शन करती है । हमारे स्वर्गीय पिता अपने भविष्यवक्ताओं द्वारा अपने वचन देते हैं—कठिन मौसम से गुजरने के लिए बनाया गया अनमोल ज्ञान हमें अकथनीय आनंद और अनंत जीवन के ज्योतिर्मय प्रकाश की ओर ले जाता है । विरोध जिसका अनुभव हम करते है के बावजूद यह सच्चाई और धार्मिकता को मजबूती से थामे रखने के लिए शक्ति, साहस, और निष्ठा को विकसित करने के लिए हमारे जीवन के अनुभवों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है ।

जिन्होंने बपतिस्मे के जल में प्रवेश किया और पवित्र आत्मा का उपहार प्राप्त किया है उन्होंने अपने कदमों को शिष्यता के मार्ग पर रखा है और निरंतर और विश्वासी होकर हमारे उद्धारकर्ता के पद-चिन्हों का अनुसरण करने की जिम्मेदारी ली है ।

उद्धारकर्ता ने सीखाया था कि ''वह भलों और बुरों दोनों पर अपना सूर्य उदय करता है, और ... धर्मियों और अधर्मियों दोनों पर मेंह बरसाता है'' (मती 5:45) । कभी-कभी हम समझ नहीं सकते क्यों जीवन में कठिन, यहां तक की अनुचित, बातें हो जाती हैं । लेकिन मसीह के अनुयायी के रूप में, हम भरोसा करते हैं कि यदि ''परिश्रम से खोज करें, हमेशा प्रार्थना करें, और विश्वास करते रहें, ... सब बातें मिलकर हमारे भले के लिए होंगी, यदि हम सीधाई से चलते हैं'' (सिऔरअनु 90:24; महत्व जोड़ा गया है) ।

उसके गिरजे के सदस्यों के रूप में, संतों के रूप में, हम हर मौसम में और हर ऋतु में खुशी से और इच्छा से सेवा करते हैं । और जब हम ऐसा करते हैं, हमारे हृदय पवित्र विश्वास, चंगाई की आशा, और स्वर्गीय उदारता से भर जाते हैं ।

फिर भी, हमें हर मौसम से गुजरना होगा—सुहावने और दुखदाई दोनों से । लेकिन मौसम कैसा भी हो, यीशु मसीह के अनुयायी के रूप में, हम अपनी आशा को उस पर रखते हैं जब हम उसकी ज्योति की ओर चलते हैं ।

संक्षिप्त में, हम परमेश्वर के संत हैं, उसके बारे में सीखने, उसे प्रेम करने, और अपने साथियों से प्रेम करने के लिए दृढ़ हैं । हम शिष्यता के आशीषित मार्ग के यात्री हैं, और हम निरंतर अपने स्वर्गीय लक्ष्य की ओर चलते रहेंगे ।

इसलिए, हम बसंत, गरमी, पतझड़, और सरदी में संत ही रहेंगे । हम हर मौसम में संत ही रहेंगे ।

विवरण

1. *Teachings of Presidents of the Church: Brigham Young* (1997), 261–62 ।

इस संदेश से शिक्षा

प्रथम अध्यक्षता ने सीखाया था , ''कुछ महानत्तम उपदेशो का प्रचार स्तुतिगीत गाने के द्वारा सीखाए जाते हैं'' (*Hymns,* ix) । जब आप इस संदेश की चर्चा करते हैं, जिन्हें आप सीखाते हैं उन्हें इन स्तुतिगीतों में से एक या बुराई का सामना करने के बारे में अन्य गीत गाने पर विचार करें :''How Firm a Foundtion" (no. 85); "The Lord Is My Shepherd" (no. 108); or "Let Us All Press On" (no. 243) । यदि आप महसूस करते हैं, बांटें जब आपके जीवन में कठिनाई आपके लिए आशीष बन गई थी ।

युवा

मुझ में अपने दुख को भूलने की क्षमता थी

युएन जू द्वारा

जब मेरे मित्र का भाई चैन और उसकी पत्नी का हमारे वार्ड में बपतिस्मा हुआ, तो मैं बहुत खुश था । उनके बपतिस्मे के एक साल बाद, वे मंदिर में मुहरबंद हुए थे, और उनका बेटा जो उनके गिरजे में शामिल होने से पहले मर गया था उनके साथ मुहरबंद हुआ था । चैनस् को सुसमाचार में प्रगति करते देखना शानदार था ।

फिर भाई चैन की अगले साल कार दुर्घटना में मृत्यु हो गई । दुर्घटना के बाद, उसकी मौत हमेशा लगता था मेरे दिमाग में घुमती रहती थी और अक्सर मुझे सपनों में डरती थी । मैं आसुंओं में जाग जाता था और बार बार पूछता था, ''क्यों ? क्यों प्रभु इस प्रकार की दुखद घटना को होने देता है ? क्योंकर इस सुंदर परिवार के साथ ऐसी घटना होने दी ?'' एक दिन, जब इन प्रश्नों से जूझ रहा था, मैंने एक पुस्तिका को लिया और अध्यक्ष स्पेनसर डब्ल्यू. किंबल (1895–1985) के इन शब्दों को पढ़ाः

''यदि हम नश्वरता को संपूर्ण अस्तित्व के रूप में देखते हैं तो, दर्द, दुख, असफलता, और अल्प जीवन दुर्घटना लगते हैं । लेकिन यदि हम जीवन को पृथ्वी पूर्व जीवन से लेकर मृत्यु उपरांत के भविष्य को अनंत रूप में देखें, तो सब घटनाएं उचित प्रतीत होती हैं । ...

''क्या हमारी शक्ति की परिक्षा के लिए हमें लालच का सामना नहीं करना पड़ता, बीमारी जो हमें धैर्य करना सीखा सकती है, मृत्यु ताकि हम अमर और महिमापूर्ण हो सकें ?''[1]

उसी क्षण, मैंने अपने दुख को भूलने का निश्चय किया और प्रतिज्ञा किए गए और संभावित भविष्य की ओर देखा । मैंने अपने मन की आंखों से भाई चैन को अपने परिवार के साथ खुशी के साथ फिर से मिलते हुए देखा था । उस दृश्य ने मुझे शांति पहुंचाई । मैं जानता हूं कि स्वर्गीय पिता हमें कठिनाइयों का समाना करने के लिए समझ और साहस देगा ।

लेखक ताईवान से है ।

विवरण

1. *Teachings of Presidents of the Church: Spencer W. Kimball* (2006), 15 ।

बच्चे

सभी मौसम में सेवा करना

अध्यक्ष उकडोर्फ सीखाते हैं कि हमें ''हर मौसम में और हर ऋतु में खुशी और इच्छा से सेवा करनी चाहिए ।'' आपके सरदियों के दौरान दूसरों की सेवा करने के कौन से कुछ तरीके हो सकते हैं ? बसंत ऋतु के दौरान दूसरों की सेवा करने के आपके कौन से तरीके हो सकते हैं ? गरमियों और पतझड़ के दौरान कौन से हैं ? प्रत्येक मौसम के लिए अपने विचारों को लिखें । आप अपने एक तरीके का प्रयोग इस महीने कर सकते हैं !

© 2013 Intellectual Reserve, Inc. द्वारा सर्वाधिकार सुरक्षित । भारत में छपी । अंग्रेजी अनुमतिः 6/13 । अनुवाद अनुमतिः 6/13 । *First Presidency Message, September 2013* का अनुवाद । Hindi । 10669 294

आत्म-निर्भरता

इस सामाग्री को पढ़ें, और जैसा उचित हो, बहनें जिन से आप भेंट करती हैं के साथ इस पर चर्चा करें । अपनी बहनों को मजबूत और सहायता संस्था को अपने जीवन का सक्रिय हिस्सा बनाने में मदद के लिए प्रश्नों का प्रयोग करें । अधिक जानकारी के लिए, पर जाये ।

विश्वास, परिवार, सहायता

आत्म-निर्भरता अपने स्वयं के लिए और हमारे परिवार के लिए योग्यता, दृढ़ता, और मेहनत से आत्मिक और संसारिक कल्याण के लिए उपलब्ध कराना है । [1]

जब हम अपने घरों और समाज में आत्म-निर्भरता के नियमों को सीखते और लागू करते हैं, हमारे पास गरीब और जरूरतमंद और दूसरों को आत्म-निर्भर बनने में मदद करने के अवसर होते हैं ताकि वे कठिन समय का सामना कर सकें ।

हमारे पास अपनी स्वतंत्रता का उपयोग करने के आत्मिकरूप और संसारिकरूप से आत्म-निर्भर होने का सौभाग्य और जिम्मेदारी है । आत्मिक आत्म-निर्भरता और स्वर्गीय पिता पर हमारी निर्भरता के विषय में बोलते हुए, बारह प्रेरितों की परिषद के एल्डर रॉबर्ट डी. हेल्स ने सीखाया है: ''हम परिवर्तित और आत्मिकरूप से आत्म-निर्भर हो जाते हैं जब हम प्रार्थनापूर्वक अपने अनुबंधों—योग्यता से प्रभुभोज में भाग लेने, मंदिर संतुति के योग्य होने, और दूसरों की सेवा के लिए बलिदान करने को जीते हैं ।'' [2]

एल्डर हेल्स ने हमें आत्मिकरूप से आत्म-निर्भर होने की सलाह दी है, ''जिसमें शामिल हैं माध्यमिक शिक्षा या व्यवसायिक प्रशिक्षण प्राप्त करना, काम करना सीखना, और अपने साधनों के भीतर जीवन जीना । कर्ज से बचना और अभी से धन बचाना, हम आने वाले वर्षों में पूरे समय की गिरजा सेवा के लिए तैयार हैं । संसारिक और आत्मिक आत्म-निर्भरता दोनों का उद्देश्य स्वयं को उच्च स्थान पर कायम करना है ताकि हम अन्य जरूरमंद लोगों की मदद कर सकें ।'' [3]

धर्मशास्त्रों से

मत्ती 25:1–13; 1 थीमुथियुस 5:8; अलमा 34:27–28; सिद्धांत और अनुबंध 44:6; 58:26–29; 88:118

हमारे इतिहास से

अंतिम-दिनों के संत सॉल्ट लेक घाटी में एकत्रित होने के बाद, जोकि एक वीरान मरूस्थल था, अध्यक्ष बिग्रम यंग चाहते थे वे फलें-फूलें और स्थाई घर बनायें । इसका अर्थ था कि संतों को वे हुनर सीखने थे जो उन्हें आत्म-निर्भर बनाते । इस प्रयास में, अध्यक्ष बिग्रम यंग को स्त्रियों की क्षमता, हुनर, विश्वसनीयता, और इच्छा पर बहुत भरोसा था, और उन्होंने उन में विशेष संसारिक कर्तव्यों को उत्साहित किया था । जबकि सहायता संस्था बहनों के विशेष कर्तव्य आज भिन्न हैं, सिद्धांत वही हैं:

1. काम से प्रेम करना सीखे और आलसी न बैठें ।

2. आत्म-निर्भरता की आत्मा को प्राप्त करें ।

3. आत्मिक शक्ति, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, आर्थिक, भोजन, और अन्य जीवन-बचाने की आवश्यकताओं की व्यक्तिगत जिम्मेदारी को स्वीकार करें ।

4. चुनौतियों का सामना करने के लिए विश्वास और साहस के लिए प्रार्थना करें ।

5. दूसरों को शक्ति दें जिन्हें मदद की जरूरत है । [4]

विवरण

1. देखें *Handbook 2: Administering the Church* (2010), 6.1.1 ।
2. Robert D. Hales, "Coming to Ourselves: The Sacrament, the Temple, and Sacrifice in Service," लियाहोना और एन्साइन, मई 2012, 34 ।
3. Robert D. Hales, "Coming to Ourselves," 36 ।
4. देखें Daughters in My Kingdom: The History and Work of Relief Society (2011), 51 ।

मैं क्या कर सकती हूं ?

1. जिन बहनों का मैं ध्यान रखती हूं उनकी संसारिक और आत्मिक जरूरतों का समाधान पाने में मैं कैसे मदद कर रही हूं ?

2. क्या मैं प्रभुभोज के लिए तैयारी करके और सेवा के लिए बलिदान करके अपनी आत्मिक आत्म-निर्भरता को बढ़ा रही हूं ?

© 2013 Intellectual Reserve, Inc. द्वारा सर्वाधिकार सुरक्षित । भारत में छपी । अंग्रेजी अनुमतिः 6/13 । अनुवाद अनुमतिः 6/13 । *Visiting Teaching Message, September 2013* का अनुवाद । Hindi । 10669 294